हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

शहर में 5 जगहों पर विशालकाय रावण के पुतले का होगा दहन, सजेगी भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 20 अक्टूबर को शहर के विभिन्न दशहरा उत्सव समितियों द्वारा विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रावण दहन को लेकर समितियों द्वारा अपनी तैयारी की जा रही है। इस दौरान शहर के पांच अलग-अलग जगह पर रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस दौरान भव्य आतिशबाजी के साथ प्रसिद्ध गायकों द्वारा गीत-संगीत की प्रस्तुति और भजनों का आयोजन होगा।

शहर में दशहरे का पर्व काफी धूमधाम से मनाया जाता है। तीन दशक से यहां रावण के विशाल पुतले का दहन किया जा रहा है। शहर की सबसे पुरानी

भव्य आतिशबाजी के बीच रावण दहन की तैयारी, राम भजनों की होगी प्रस्तुति

गौरीनगर में कौमी एकता समिति

विगत 21 वर्षों से शहर के गौरीनगर में कौमी एकता समिति द्वारा रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है। इस समिति द्वारा अपने नाम के अनुरूप ही कौमी एकता का संदेश देते हुए सभी जाति-धर्म के लोग शामिल होते हैं। समिति के अध्यक्ष हफीज खान ने बताया कि इस वर्ष 31 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। दशहरा उत्सव में धमतरी से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक आतिशबाजी की प्रस्तुति होगी। उन्होंने बताया कि आयोजन में श्रीराम भजनों की प्रस्तुति के साथ वरिष्ठ नागरिकों और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।



लखोली में 51 फीट का रावण

विजयादशमी पर्व पर शहर के लखोली में युवा संगठन द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन आकर्षक आतिशबाजी के बीच किया जाएगा। युवा संगठन के अध्यक्ष फिरोज मेमन ने बताया कि इस महोत्सव में भव्य शोभायात्रा, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और रावण दहन मुख्य आकर्षण होंगे। बीते 18 वर्षों से समिति द्वारा यहां रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है।

म्युनिसिपल में 61 फीट का रावण

छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा म्युनिसिपल स्कूल मैदान में अपने 19वें वर्ष में भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यहां 61 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि आयोजन में मुंबई की एआई जनरेटेड कम्प्यूटर तकनीक पर आधारित आतिशबाजी होगी। वहीं इस दौरान सुप्रसिद्ध गायिका स्वास्ति मेहुल जैन की संगीतमय प्रस्तुति होगी। यहां रावण का आकर्षक पुतला बनाया जाएगा।

दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति

शहर के कमला कॉलेज मैदान में रावण दहन के 26 वर्ष में राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति द्वारा लगभग 45 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रूबी गरचा ने बताया कि आयोजन में कटक की आकर्षक आतिशबाजी होगी। वहीं प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

राष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति स्टेट स्कूल मैदान में अपना 31वां आयोजन करने जा रही है, जहां लगभग 55 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। पूर्व महापौर स्व. विजय पांडे द्वारा शहर में विशालकाय रावण के पुतले का दहन शुरू किया गया था। इस परंपरा को आगे बढ़ाते उनके पुत्र तथागत विजय पांडे ने बताया कि समिति का यह 31वां वर्ष है। इस वर्ष एआई तकनीक से आकर्षक आतिशबाजी लोगों को देखने मिलेगी। उन्होंने बताया कि आयोजन में उज्जैन से मशहूर भजन गायक दिव्यांश पांडे की प्रस्तुति होगी। वहीं इस वर्ष आयोजन में विशेष आकर्षण कांतारा मूवी का एक सीन भी प्रदर्शन के माध्यम से जमीन पर देखने मिलेगा।

नवरात्रि विशेष



नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्हीं के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रूप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है, तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुरों को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक है। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्रि की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती है। सिद्धिदात्री माता की आराधना का मंत्र है- सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरप। सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

गौ-हत्या के आरोपी का घर तोड़ने की मांग को लेकर प्रदर्शन

आरोपी की दुकान पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गौरीनगर में सामने आए गौ-हत्या और गौ-मांस विक्रय से जुड़े मामले को लेकर 11 आरोपियों के खिलाफ पुलिस की कानूनी कार्रवाई के बाद नगर निगम ने भी आरोपियों के खिलाफ एक्शन लेना शुरू कर दिया है। निगम के अमले ने आज गौ-हत्या से जुड़े एक आरोपी के अवैध निर्माण को जेसीबी के जरिये नष्ट किया है।

गौ-हत्या के मामले को लेकर जनआक्रोश भड़का हुआ है। हिंदू संगठन के साथ ही गौरीनगर निवासियों द्वारा आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने को लेकर प्रदर्शन जारी है। स्थानीय लोगों द्वारा आरोपियों के ठिकानों पर बुलडोजर कार्रवाई करने की मांग पर नगर निगम द्वारा गौरीनगर में मांस विक्रय करने वाले आरोपी के दुकान को तोड़े जाने के लिए कार्रवाई की गई। आरोपी द्वारा यहां अवैध तरीके से दुकान लगाया गया था। इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक और हिंदू संगठन से जुड़े हुए लोग एकत्रित हो गए और आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने मांग की।





कार्रवाई से समाज को संदेश

घटना की निंदा करते स्थानीय पार्षद हफीज खान ने इस पूरे मामले को लेकर कहा कि तालाब में गौ-माता का सिर मिलने की जानकारी होने पर उनके द्वारा लिखित आवेदन चिखली पुलिस चौकी में देखकर आरोपियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर ऐसा कृत्य मानव धर्म के लिए अपमान है। आरोपियों को कड़ी सजा देकर समाज में एक संदेश दिया जाना चाहिए।

गौकशी से आय पर जांच : डीसीपी क्राइम सत्यप्रकाश तिवारी ने कहा कि इस मामले में विवेचना जारी है। कुछ और व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। वहीं पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट, पशुक्रूरता अधिनियम, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने सहित विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि गौकशी से अर्जित की गई आय को लेकर भी फाइनेंशियल ट्रेड के माध्यम से जांच की जा रही है। इसमें कुछ पाया जाता है तो इस पर भी वैधानिक कार्रवाई करेंगे।

महापौर ने कराया मामला शांत

आरोपी का दुकान तोड़ने के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं ने जहां आरोपी रहे थे, उस मकान को तोड़ने मांग की। इस दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बहस भी शुरू हो गई। माहौल बिगड़ता देख महापौर मधुसूदन यादव भी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

अवैध अतिक्रमण तोड़ा गया

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि गौ-हत्या का मामला सामने आने के बाद उनके द्वारा एसपी को पत्र लिखकर इसमें कड़ी जांच कार्रवाई के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गिरफ्तार हुआ है, उसके द्वारा यहां अवैध रूप से मांस-मटन विक्रय करने की शिकायत मिली थी, जिस पर उसका अवैध निर्माण तोड़ा गया है।

गौहत्या मामले में मुख्य आरोपी समेत 3 गिरफ्तार

- अब तक 14 आरोपियों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गौरीनगर में गोवंश की हत्या कर सिर को शीतला तालाब और निर्माणाधीन अंडरब्रिज के पास फेंकने के मामले में चिखली पुलिस और साइबर सेल ने फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुख्य आरोपी एजाज अहमद उर्फ कसाई उर्फ वकील अंसारी को नागपुर से। जबकि खैरून निशा (60) और नसीमा बेगम उर्फ रानी (57) को गौरीनगर से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर अपराध में शामिल होना स्वीकार किया। तीनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार घटना के बाद आरोपियों की तलाश के लिए चिखली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम लगातार जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस को मुख्य आरोपी के नागपुर ⏭ शेष पेज 12 पर

कल 11 आरोपी गिरफ्तार किए गए थे

मामले में पुलिस ने 17 अक्टूबर को 10 आरोपियों और एक अपचारी बालिका को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 18 अक्टूबर को तीन और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद इस प्रकरण में अब तक कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना को लेकर पुलिस ने धारा 299, 325, 238, 3(5) बीएनएस, पशुक्रूरता अधिनियम की धारा 4, 6, 10 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध दर्ज किया है।

अगले तीन दिन अंचल में बारिश की आशंका

उत्तर-पश्चिम से आ रही नमी की वजह से बदला मौसम, बारिश से लुढ़का तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



उत्तर-पश्चिम से आने वाली नम हवाओं के चलते मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। रविवार को जिले कई इलाकों में 30 से 40 मिनट तक बारिश देखने को मिली। वहीं मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कुछ इलाकों में अगले चार दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है।

वहीं रविवार को विभाग की तरफ से आधा दर्जन जिलो के लिए बारिश को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया था, वहीं शनिवार को राजनांदगांव जिला के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया गया था। ज्ञात हो पांच दिन पहले भी जिले में करीबन आधे घंटे तक तेज बारिश देखने को मिली थी। ऐसे में एक बार फिर मौसम में बदलाव के संकेत मिले है। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बन रहें सिस्टम की वजह से बारिश की संभावनाएं जताई गई।

त्योहारों पर पड़ेगा असर

मौसम विभाग की तरफ से अगले कुछ दिनों में बेमौसम बारिश की जताई गई संभावना का असर आगामी दिनों पड़ने वाले त्योहारों पर देखने को मिल सकता है। ज्ञात हो 20 अक्टुबर को दशहरा मनाया जाना है, ऐसे में यदि अभी बारिश होती है तो उसकी तैयारियां प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा अष्टमी हवन और ज्योत विसर्जन में भी बारिश होने से असर दिखाई दे सकता है।

अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट

करीबन चार दिनों पहले तक प्रदेश में सबसे गर्म रहने वाला राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान में अब गिरावट देखने को मिली है। जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री से लगभग चार डिग्री लुढ़ककर अब 30 डिग्री के करीब पहुंच गया है। प्रदेश में 33 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रायपुर जिला रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों दिन का तापमान में और गिरावट देखने को मिल सकती है।



आज से शुरू होगा जंवारा विसर्जन का सिलसिला

महाष्टमी पर मंदिरों में हुए हवन पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्र पर्व के तहत अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। महाअष्टमी तिथि में भ्रम की स्थिति होने पर कुछ मंदिर व पूजा पंडालों में आज हवन-पूजन किया गया। वहीं कल सोमवार को भी हवन पूजन किए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही जंवारा, देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्र को लेकर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। देवी मंदिरों से लेकर पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में देवी मां के दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। खासकर मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु विभिन्न साधनों से व पदयात्रा करते हुए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। जिसके चलते ग्रामीण मार्गों में भी इन दिनों चहल-पहल की स्थिति निर्मित है। पदयात्री सेवा पंडालों में भी बड़ी संख्या में पदयात्रियों की उपस्थिति रही।

खास बातें

- तिथि में हेरफेर के चलते दो दिन मनाई जा रही अष्टमी तिथि
- आज कई मंदिरों में मनाई जाएगी नवमी, होगा ज्योत विसर्जन



शुरू होगा विसर्जन

इधर नवरात्र पर्व पर देवी स्वरूप कन्याओं को भोजन प्रसादी ग्रहण कराने भक्त जुटे रहे। हवन के पश्चात मंदिरों व पूजा पंडालों में स्थापित जंवारा एवं देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। विसर्जन के लिए नगर निगम द्वारा शिवनाथ नदी तट में व्यापक व्यवस्थाएं की गई है।

पंडालों में प्रसादी वितरण

नवरात्र पर्व पर पूजा पंडालों में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। शाम होते ही बड़ी संख्या में शहरी सहित ग्रामीण देवी प्रतिमाओं के दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं, जहां नियमित रूप से कई पंडालों में खिचड़ी, पोहा, हलवा-पुडी सहित अन्य प्रसादी वितरित किए जा रहे हैं। इसके अलावा विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। पर्व पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है।

आज भी होंगे हवन

पर्व के तहत आज मां पाताल भैरवी मंदिर में शाम के समय विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति मंदिर परिसर पर रही। इधर कल सोमवार को भी कई मंदिरों एवं पूजा-पंडालों में हवन-पूजन किया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां की गई है।

खबर संक्षेप

कुकुरमुडा में दशहरा उत्सव 22 को

सड़क अतरिया। कुकुरमुडा में ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 22 अक्टूबर को दशहरा पर्व उल्लास से मनाया जाएगा। मुख्य मार्ग के चौक पर आतिशबाजी के साथ रावण पुतला का दहन होगा। लोगों के मनोरंजन के लिए खजरी घुमका का राऊत नाचा बारामसी कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

नर्मदा में अष्टमी हवन व विसर्जन आज

सड़क अतरिया। क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि का पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। लोग शक्ति की उपासना कर रहे हैं। देवी मंदिरों एवं प्रतिमा स्थल सप्ताह भर से गुलजार है। रविवार को बहुत से स्थानों पर दुर्गा अष्टमी मनाया गया। नर्मदा मंदिर में कल सोमवार को महाअष्टमी मनाया जाएगा। सुबह विधि विधान के साथ अनुष्ठान एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया है। गोधुली बेला में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा।

जस झांकी का आयोजन आज

मुरमुंदा। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बाजार चौक में जय माँ जीवरानी नंदगाइहा जस झांकी परिवार ग्राम भोथी का कार्यक्रम कल 19 अक्टूबर को बाजार चौक में आयोजन रखा गया है। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ने नवरात्र के मौके पर 44 ज्योत कलश प्रज्वलित किए हैं। समिति के अध्यक्ष आकाश भोयर एवं सुदामा यादव ने आसपास के लोगो को आने की अपील की है।

जल संरक्षण का संकल्प

डोंगरगढ़। ग्राम ढारा में जल जन सेवा संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ढारा जलाशय में जलभराव की स्थिति, नहरों के माध्यम से टेल क्षेत्र तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने, जल प्रबंधन एवं आगामी रबी फसल की तैयारियों के संबंध में किसानों से चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि बरनारा डायवर्सन की पोषक नहर एवं ढारा मुख्य नहर में लाइनिंग कार्य होने से टेल क्षेत्र के ग्राम पलांदूर एवं छीपा तक जल आपूर्ति हो रही है। कार्यक्रम में किसानों के साथ उपलब्ध जल के समुचित उपयोग, बेहतर जल प्रबंधन एवं आगामी रबी फसल के लिए सिंचाई व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित किसानों ने जल संरक्षण एवं सिंचाई के लिए पानी का सदुपयोग करने का संकल्प लिया।

श्रद्धा के साथ किया परित्राण पाठ

डोंगरगढ़। नगर में आदर्श बौद्ध महासभा ने धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर भंते जी ने परित्राण पाठ का वाचन किया। कचहरी चैक में स्थित संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथागत गौतम बुद्ध की वंदना की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के जीवन में धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान पालिक अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि बाबा साहेब ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक भेदभाव, जातिगत असमानता और छुआछूत के विरुद्ध संघर्ष करते हुए बिताया। उन्होंने शिक्षा, संगठन और संघर्ष का संदेश दिया।

प्रतिमा पंडालों और देवी मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, गूंज रहे देवी मां के भक्ति गीत

श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे देवियों के विभिन्न रूप



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शारदीय नवरात्रि पर्व पर नगर के मां काली मंदिर में सैकड़ों ज्योत कलश जलाए गए है। मंदिर में रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए आ रहे हैं। नगर इन दिनों माता की भक्ति में डूबा है। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों और मोहल्लों में मां दुर्गा एवं मां सरस्वती की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

पंडालों एवं देवी मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं विभिन्न समितियों द्वारा प्रतिदिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

केंवट पारा में विराजमान माता की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी है। वहीं पुराना पुलिस थाना चौक में स्थापित माता की विशाल प्रतिमा देखते ही बन रही है। यहां से गुजरने वाले लोग दर्शन के लिए रुक रहे हैं। डीपरापारा चौक में मां सरस्वती प्रतिमा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।यहां पर राहगीरों के लिए प्रसाद का इंतजाम किया गया है। इसी तरह कंडरापारा में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा लोगों को आकर्षित कर रही है। यहां प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। बिजली ऑफिस परिसर में विराजित माता प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर यहां भी भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

दशहरा मैदान में गरबा की धूम

नगर के दशहरा मैदान में स्थापित माता के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यहां हर दिन गरबा की धूम मची हुई है। युवा उत्साह के साथ माता की आराधना में शामिल हो रहे हैं। दशहरा मैदान को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। दशहरा उत्सव को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं।

जसगीत से माता की सेवा

जेठू ठेला चौक में विराजित माता की प्रतिमा भी राहगीरों और श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है। यहां समिति के सदस्य प्रतिदिन जसगीत से माता की आराधना और सेवा कर रहे हैं। भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। जमुना चौक में स्थापित माता की प्रतिमा को देखने के लिए प्रतिदिन लोगों की भीड़ जुट रही है। आकर्षक साज-सज्जा और माता के दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए रुककर लोग पूजा-अर्चना कर रहे हैं। पुराना पुलिस थाना चौक में विराजित माता की नयनाभिराम मूर्ति भक्तों को काफी प्रभावित कर रही है। बाजार लाइन में स्थित मां दुर्गा की स्थापना सालों से की जा रही है।जिसके दर्शन करने के लिए हर रोज श्रद्धालु हजारों की संख्या में उपस्थित हो रहे हैं।

आज होगा ज्योत विसर्जन, संपन्न हुआ नवरात्रि पर्व



गंडई पंडरिया। शारदीय नवरात्रि पर्व पर नगर में भक्ति, संस्कृति और उल्लास का संगम देखने को मिल रहा है। इस वर्ष दुर्गा पंडालों की सजावट, चार दिवसीय गरबा महोत्सव और बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे भूत बंगला ने विशेष रौनक बढ़ाई। अंतिम दिन माँ गंगई मंदिर से ज्योत विसर्जन किया जाएगा।

नगर के मंदिरों में प्रज्वलित ज्योत कलश का विसर्जन विधि-विधान से किया जाएगा। विसर्जन को लेकर माँ गंगई मंदिर में इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रात्रि लगभग 8.30 बजे भक्ति भाव के साथ भक्त सिर पर ज्योत रखकर मंदिर से प्रस्थान करेंगे। गाजे-वाजे और जयकारों के साथ श्रद्धालु नदी पहुंचेंगे, जहाँ पवित्र ज्योत का विसर्जन किया जाएगा।

भूत बंगला बना रोमांच का केंद्र

श्याम वाटिका और कोपेभाठा के पुराने तहसील परिसर में बनाए गए भूत बंगले ने बच्चों और महिलाओं के बीच खासा रोमांच पैदा किया। डरावने और रहस्यमयी माहौल को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुँच रहे हैं, जो इस वर्ष के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। जगह-जगह बनाए गए दुर्गा पंडालों के भव्य डेकोरेशन ने शोभा में चार चांद लगा दिए हैं। हर शाम पंडालों में गूँज रहे पारंपरिक जस गीतों और माता की आरतियों से नगर भक्तिमय माहौल है।

गरबा महोत्सव में झूमे लोग

युवा व्यापारी मित्र मंडल गंडई के तत्वावधान में कोपेभाठा शासकीय राइस मिल के समीप में चार दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। पारंपरिक और रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। आयोजन के पहले दिन एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा और एसडीओपी मानक राम कश्यप ने पंडाल पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं और युवतियों को युवा व्यापारी मित्र मंडल ने पुरस्कृत किया।

आदिशक्ति मां दुर्गा की भक्ति में डूबे श्रद्धालुजन



विधायक ने की पूजा-अर्चना

डोंगरगढ़। नवरात्रि की सप्तमी को विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मां बम्लेश्वरी देवी के ऊपर मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने नीचे मंदिर, करेला स्थित मां भवानी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

गरबा महोत्सव में दिखा उत्साह



डोंगरगढ़। शक्ति वाहिनी द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव में शहर की मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। पारंपरिक गरबा, उल्लासपूर्ण माहौल और सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन में बड़ी संख्या में शक्ति वाहिनी की महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में सौमित्र सोनी, विनय बंसल, डॉ. राजेश राघोर्ते, रेखा राघोर्ते, बबिता मलाबार, नमिता चौबे, पूजा उजवने, शारदा अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

भंडारा का आयोजन निरंतर जारी

डोंगरगढ़। बेलगांव में मां बम्लेश्वरी पदयात्रा सेवा समिति एवं ग्रामवासियों द्वार चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि पर्व के मौके पर भंडारा आयोजित किया जाता है। यह आयोजन राजनांदगांव-बेलगांव पदयात्री मार्ग के शुरू होने के समय से किया जा रहा है। समिति द्वारा 9 दिन तक भंडारा का आयोजन कर पदयात्रियों को शुद्ध भोजन, पेयजल, बैठने की व्यवस्था किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरहम पट्टी की व्यवस्था की जाती है। वर्तमान में हजारों पदयात्री भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। भंडारा संचालन में शैलेश गोयल, चीनू अग्रवाल, लेखराम साहू एवं अन्य सहयोग दे रहे हैं।



जमीन के रास्ते को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी



ग्राम में जमीन के रास्ते को लेकर विवाद सामने आया है। ग्राम के रमेश साहू की जमीन सोमनी-बालोद मार्ग पर स्थित है, जिसका खसरा नंबर 254/14 है।उनका कहना है कि उनकी जमीन के पीछे नेहरू नगर भिलाई निवासी पंचकुला बाई पति नरबत राम बंछोर की जमीन है। संबंधित जमीन का रास्ता दक्षिण दिशा की ओर है, लेकिन पंचकुला बाई द्वारा उनकी जमीन के सामने से रास्ता निकालने को लेकर विवाद किया जा रहा है।

रमेश साहू के अनुसार कुछ दिन पहले आरआई, पटवारी, पुलिस प्रशासन एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में जमीन का सीमांकन कराया गया था। उनका दावा है कि सीमांकन के दौरान उनकी जमीन के सामने से रास्ता होने की पुष्टि नहीं हुई। इसके बावजूद पंचकुला बाई ने उनकी जमीन के सामने गेट लगा दिया है। रमेश साहू ने यह भी आरोप लगाया है कि इस मामले में उन पर राजनीतिक एवं प्रशासनिक दबाव बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि जमीन और रास्ते से जुड़े विवाद का निष्पक्ष निराकरण किया जाना चाहिए, ताकि किसी भी पक्ष के साथ अन्याय न हो।

सेवा संकल्प अभियान का समापन

गंडई पंडरिया। सेवा संकल्प अभियान का समापन नगर पंचायत गंडई के सभागार में हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अभियान के उद्देश्यों और जनहित में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ताओ ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान नगर को स्वच्छ बनाने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम साबित हुआ है। कार्यकर्ताओं से उच्च स्तर से मिलने वाले निर्देशों पर निस्वार्थ भाव से कार्य करने का आह्वान किया। कुछ वक्ताओ ने बताया कि यह अभियान केवल समापन तक सीमित नहीं है, बल्कि नगर के विकास के लिए निरंतर जारी रहने वाली प्रक्रिया है। अंत में सीएमओ अविनाश देवांगन ने एक माह में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया और अभियान को सफल बनाने में निकाय के कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों के योगदान की सराहना की। इस दौरान नगर के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कबड्डी स्पर्धा नवंबर में

खुज्जी। ग्राम पतोरा में आगामी 11 से 13 नवंबर तक तीन दिवसीय सांसद संतोष पाण्डेय ट्रॉफी कबड्डी प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन रखा गया है। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता के साथ तीन दिवसीय मेला और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर गत दिनों बैठक आयोजित की गई जिसमे आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्था और कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कबड्डी प्रतियोगिता, खेल मैदान की व्यवस्था, आदि पर विचार किया गया। बैठक में कैलाश शर्मा, दीनदयाल साहू, दिग्विजय मिश्रा, फेमसिंह शेंडे, अर्जुन ठाकुर, पुरुषोत्तम रावटे, धरम ओटी, मनसीराम आदि उपस्थित थे।





सार समाचार

राज्य स्तरीय फुटबाल स्पर्धा में वैभव का चयन



डोंगरगांव। स्थानीय सीजी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 12वी के छात्र वैभव कुमार साहू पिता गिरवर सिंह साहू का चयन 26वीं राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह स्पर्धा सरगुजा में होने वाली है। वैभव साहू का चयन अंडर 19 फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य एजाज अली हाशमी, रियाज अली हाशमी, क्रीड़ा प्रभारी पीआर ठाकुर, प्रणव सारस्वत, सुकाल साहू, प्रकाश यादव, सबा हाशमी, अनिल साहू, कुमेश साहू, खिलेन्द्र कोर्राम, प्रकाश साहू, शर्मिला कुंवर, सुषमा सोनी, माधुरी कसेर, विनिता पटेल, ललिता भारती, अंजली गुप्ता, पूजा यादव, पार्वती साहू आदि ने बधाई दी है।

फेडरेशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

डोंगरगढ़। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी फेडरेशन के राष्ट्रीय उप महामंत्री योगेश चौरे में सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। सरकार ने चुनाव से पहले 100 दिन में नियमितीकरण करने का वादा किया गया था किन्तु पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों से कैजुअल लेबर्स की छंटनी की जा रही है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को ठेकादारों के हवाले करने की तैयारी है। प्रदेश में 90 हजार से अधिक पद रिक्त होने के बाद भी अनुकंपा नियुक्ति नहीं हो रही है। कर्मचारी-विरोधी नीतियों और अनुकंपा नियुक्ति की व्यवस्था समाप्त करने के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा।



भूमिका रजक क्लास में प्रथम

साल्हेवारा। स्थानीय नवीन महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा भूमिका रजक ने चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भूमिका की इस शानदार उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल है। भूमिका कांग्रेस नेता मोहित रजक की बेटी है। भूमिका रजक को दिलीप शुक्ला, बहादुर सिंह खुशरो, गिरधारीलाल वर्मा, नरेंद्र पटले, धनीराम डड़सेना, सेजेस के प्रभारी प्राचार्य जगदीश राम पंचकपाट ने बधाई दी है।

विकास के दम पर लड़ा जाएगा नगरीय निकाय चुनाव: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय को लेकर जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय खैरागढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने चुनावी रणनीतियों और संगठन को मजबूत बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

बैठक को संबोधित करते हुए राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी विकास के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के दम पर पार्टी इस चुनाव में ऐतिहासिक सफलता हासिल करेगी।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और आगामी चुनावों में एकजुटता के साथ मैदान में उतरने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला भाजपा प्रभारी नलीनीश ठोकने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ बिशेसर साहू, नगरीय निकाय चुनाव सह प्रभारी ओमप्रकाश जोशी, श्रीमती किरण साहू, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, जिला भाजपा महामंत्री शशांक ताम्रकार, मंडल भाजपा अध्यक्ष दिनेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पूरी मुस्तैदी से तैयारी में जुट जाएं

खैरागढ़ नगर पालिका चुनाव प्रभारी एवं पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ता अभी से पूरी मुस्तैदी से तैयारी में जुट जाएं। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के दौरान संगठन को बूथ स्तर पर सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद व समन्वय स्थापित करने तथा घर-घर जाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने की रणनीति बनाई गई।

दिव्यांग बच्चों के बीच केक काटकर मनाया डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जन्म दिन तथा विश्व श्वेत छड़ी दिवस के पावन अवसर पर एक अत्यंत संवेदनशील और गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने बौद्धिक दिव्यांग और दृष्टिबाधित बच्चों के बीच पहुंचकर केक काटा और डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन को यादगार बनाने संस्था परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष धम्मन साहू ने की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में पदुम लाल पुन्ना लाल बक्शी अध्यक्ष शशांक ताम्रकर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष आलोक श्रीवास, भाजपा मंडल अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता टीके चंदेल विशेष रूप से मंच पर आसीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में संवेदना संस्था की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति पटेल ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित अतिथियों और गणमान्य नागरिकों को संस्था द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। श्रीमती पटेल ने दिव्यांग बच्चों के लिए दी जा रही विशेष शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताते हुए कहा कि संस्था इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

नेताओं ने दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ नेताओं धम्मन साहू, शशांक ताम्रकर, आलोक श्रीवास, दिनेश वर्मा और टीके चंदेल ने भी डॉ. रमन सिंह के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। इस संवेदनशील पहल और गरिमामय आयोजन के लिए संवेदना संस्था की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति पटेल, उपाध्यक्ष श्रेयांश डाकलिया, कोषाध्यक्ष रंजीत सिंह ठाकुर, सचिव कुशाल चंद जंघेल, जय प्रकाश श्रीवास, नामीसिंह ठाकुर,गोपी प्रसाद पटेल, प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र गौर, शिव शक्ति महिला मंडल के सदस्य, पत्रकार निलेश यादव व गणमान्य नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

ब्याज का खेल, लोगों से वसूल रहे 10 से 20 फीसदी का ब्याज

- बर्बादी की कगार पर दर्जनों व्यापारी और जरूरतमंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

क्षेत्र में ब्याज पर पैसे देने के कारोबार बिना लायसेंस के बेरोकटोक चल रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को पैसे उधार में देकर 10 से 20 प्रतिशत की दर से ब्याज वसूला जा रहा है। इस कथित कारोबार में ब्लैंक चेक का इस्तेमाल करने की बात सामने आ रही है, जिससे कर्ज लेने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ने की आशंका है। जानकारी के अनुसार आर्थिक तंगी के कारण कर्ज लेने वाले कुछ दुकानदार, शासकीय कर्मचारी और जरूरत मंद ब्याज और मूलधन चुकाने में अपना सब कुछ गंवा चुके हैं। जरूरत के समय लिया गया कर्ज कई परिवारों के लिए संकट का कारण बनते जा रहा है। जरूरतमंदों की मजबूरी का फायदा उठाकर चलाए जा रहे कर्ज के कारोबार में सिक्योरिटी के नाम पर ब्लैंक चेक का उपयोग किया जा रहा है।

बिना लाइसेंस साहूकारी का आरोप

क्षेत्र में कथित तौर पर बिना लाइसेंस के ब्याज पर रकम देने का कारोबार संचालित होने की शिकायतें हैं। बिना अनुमति के साहूकारी की जा रही है और मनमाने तरीके से ब्याज वसूला जा रहा है। सवाल यह है कि भारी भरकम ब्याज अदा करने के कारण लोगों के आर्थिक संकट में फंसने के मामले की जांच कौन करेगा? क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायतों की जांच और अनियमितताएं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

स्वयंसेवकों ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड छुईखदान अंतर्गत गंडई में शुक्रवार को विजयादशमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पंथ संचलन किया। शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया।

केशव संयुक्त शाखा श्रीराम मंदिर के सामने पंडरिया से प्रारंभ होकर पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शस्त्र पूजन स्थल गुरुघासीदास मैदान वार्ड 8 पहुँचा। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह नागरिकों, माताओं और बहनों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इस दौरान भारत माता का जयघोष किया गया। पथ संचलन के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पोषण सिंह ठाकुर ने कहा कि संघ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बंटे हुए हिंदू समाज को एकजुट कर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज को संगठित करने के लिए निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता जितेंद्र शर्मा ने संघ की स्थापना के उद्देश्यों, विजयादशमी तथा शस्त्र पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त बना सकता है और इन आयोजनों से समाज में शक्ति, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत होती है। इस आयोजन में चंद्रमणि चौबे, विशाल मारूतकर, बलदाऊ कुमार सोनी, रमेश वर्मा सहित सैकड़ों स्वयंसेवक और नागरिक शामिल हुए।



दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर बिखरी मुस्कान

मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह का जीवन हमेशा गरीबों, वंचितों और समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा के लिए समर्पित रहा है। आज उनके जन्मदिन पर इन विशेष बच्चों के बीच आकर जो खुशी मिली है, वह शब्दों से परे है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दिव्यांगता कभी किसी के हौसलों की रुकावट नहीं बन सकती। विश्व श्वेत छड़ी दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए अतिथियों द्वारा दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चे चित्रभान गावड़े, चेतन साहू, परमेश्वर साहू, नीलकंठ ठाकुर को आत्मनिर्भरता की प्रतीक श्वेत छड़ी और फल-मिठाइयों का वितरण किया गया।

शिविर में 850 सेवा पुस्तिका का संधारण



डोंगरगढ़। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के निर्देशानुसार बीईओ श्रीनिवास मिश्रा के नेतृत्व में पांच दिवसीय सेवा पुस्तिका संधारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिक्षा विभाग ने तत्परता दिखाते हुए लगभग 850 शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाओं का संधारण किया और उनकी लंबित समस्याओं का निराकरण किया। बीईओ श्री मिश्रा के नेतृत्व में गठित तकनीकी टीम ने प्रत्येक शिक्षक के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की और त्रुटियों को तुरंत सुधारा। विभाग की इस पहल से शिक्षकों में उत्साह देखा गया।शिविर की सफलता पर संयुक्त संचालक दुर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री श्रीनिवास मिश्रा ने पूरी टीम को बधाई दी है।

सुरही जलाशय योजना से सिंचाई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जल प्रबंधन को मिली मजबूती

परियोजना के अंतर्गत नहरों के जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य से पानी के अनावश्यक रिसाव को कम करने और सिंचाई जल के प्रभावी वितरण की व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। इससे नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने की क्षमता बेहतर हुई है। सिंचाई सुविधा के विस्तार से किसानों को वर्षा पर निर्भरता कम करने, समय पर फसलों की बुवाई करने तथा बेहतर कृषि उत्पादन प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। सुरही जलाशय योजना से लाभान्वित 26 गांवों में कृषि गतिविधियों को मजबूती मिल रही है। सिंचाई के लिए पानी की बेहतर उपलब्धता से किसानों को खरीफ के साथ रबी सीजन में भी खेती के अवसर प्राप्त होंगे। इससे फसल विविधीकरण, कृषि उत्पादकता में वृद्धि और किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाएं मजबूत होंगी। विशेष रूप से छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार उनकी आजीविका को अधिक स्थिर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सिंचाई सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी दिशा में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के छुईखदान विकासखंड में सुरही जलाशय योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। जल संसाधन विभाग द्वारा सुरही जलाशय के पैरेट वियर की ऊंचाई बढ़ाने, सुरही नहर विस्तार के जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य तथा नहर विस्तार के माध्यम से सिंचाई सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। इस महत्वपूर्ण परियोजना से 26 गांवों के किसानों को लाभ मिल रहा है और कृषि उत्पादन बढ़ाने की नई संभावनाएं विकसित हुई हैं।

सुरही जलाशय योजना के अंतर्गत 4,599.48 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में उपलब्ध जल संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना तथा किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाना है।



डांस स्पर्धा का आयोजन

डोंगरगढ़। ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विधायक हर्षिता स्वामी बघेल सम्मिलित हुईं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर दाऊ भूपेंद्रसिंह ठाकुर, भीखम सिन्हा, गौतमचंद जैन, घनश्याम सिन्हा, देवराज सेन, कुमेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, कांति साहू, कमलेश वर्मा, खेमलाल सिन्हा, भागवत साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

आवश्यकताओं के अनुरूप होंगे कार्य

समग्र विकास के लिए कार्ययोजना बनाने पर जोर, कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



ग्राम पंचायतों के विकास को गति देने के लिए वीजी जी राम जी योजना अंतर्गत प्लान तैयार करने के संबंध में जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सरपंचों एवं सचिवों की बैठक सह कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं सीईटो प्रेम कुमार पटेल शामिल हुए। इस दौरान ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करने, उपलब्ध संसाधनों के उपयोग तथा ग्रामीणों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यशाला में बताया गया कि विकसित ग्राम पंचायत प्लान विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से प्रत्येक पंचायत में उपलब्ध परिसंपत्तियों, आधारभूत सुविधाओं एवं संसाधनों का आंकलन कर विकास संबंधी आवश्यकताओं और कमियों की पहचान की जाएगी। इसके आधार पर स्थानीय परिस्थितियों एवं ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों का चयन किया जाएगा। कार्ययोजना तैयार करने में ग्राम सभा की सहभागिता एवं अनुशंसाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके।

ग्राम सभा की सहभागिता जरूरी

बैठक में पंचायतों के विकास में सरपंचों एवं सचिवों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास के लिए योजनाओं का निर्माण स्थानीय आवश्यकताओं एवं ग्रामीणों की प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाना चाहिए। ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों के सुझाव प्राप्त कर ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिनसे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। विकास कार्यों के चयन में दूरदर्शिता अपनाते हुए गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई।

क्रियान्वयन पर दिया गया मार्गदर्शन

जिला पंचायत के सीईओ श्री पटेल ने विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों को वीबी जी राम जी योजना अंतर्गत अनुमन्य कार्यों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव तैयार करने तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप कार्यों का नियोजन एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कार्यशाला में मजदूरी एवं सामग्री का निर्धारित 60:40 अनुपात बनाए रखने के संबंध में जानकारी दी गई। ग्राम पंचायतों को कार्यों का चयन एवं नियोजन करते समय निर्धारित अनुपात का विशेष ध्यान रखने तथा योजनांतर्गत प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में सहायक परियोजना अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशवरी देवांगन, अनुविभागीय अधिकारी आरईएस सहित अन्य शामिल हुए।



सार समाचार

पंचमी से प्रतिदिन भोजन भंडारा

राजनांदगांव। ग्राम जोरातराई मनगटा जंगल (स्टेशन मुढ़ीपार) स्थित प्रसिद्ध पहाड़ी पाठ बाबा मंदिर में क्वांर नवरात्रि अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। नवरात्रि पर्व पर मंदिर में दर्शन-पूजन के साथ ही पंचमी से प्रतिदिन भोजन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दूर-दराज से पहुंचने वाले श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। मंदिर में 11 अक्टूबर को ज्योति कलश स्थापना के साथ नवरात्रि पर्व का शुभारंभ हुआ। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंचमी से प्रतिदिन भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई है। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। पहाड़ी पाठ बाबाधाम में इस वर्ष घी और तेल से कुल 300 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। पहाड़ी पाठ देवस्थल उत्थान समिति के अध्यक्ष एवं जोरातराई के पूर्व सरपंच संतोष कुमार साहू ने बताया कि 19 अक्टूबर को महाअष्टमी हवन एवं दोपहर 4 बजे पूर्णाहुति होगी। 20 अक्टूबर को सुबह 9 बजे ज्योति जवारा विसर्जन किया जाएगा।



किसानों के हित में जिला कांग्रेस ने उठाई आवाज

खैरागढ़। आगामी धान खरीदी से पहले त्रुटिरहित गिरदावरी सुनिश्चित करने और किसानों को परेशानी से बचाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ने पटवारी एवं सर्वेयरों की समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई है। इस संबंध में राजस्व सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में पीवी ऐप की व्यावहारिक समस्याओं, वेतन विसंगति और पदोन्नति जैसे मुद्दों का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई। कांग्रेस ने पटवारियों के निलंबन एवं स्थानांतरण संबंधी कार्रवाई की समीक्षा करने तथा सर्वेयरों का लंबित भुगतान जल्द जारी करने की भी अपील की। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि गिरदावरी में त्रुटि होने से किसानों के पंजीयन, धान विक्रय और शासकीय योजनाओं का लाभ प्रभावित हो सकता है। इसलिए पटवारी संघ, सर्वेयरों और प्रशासन के बीच बैठक कर आपसी संवाद एवं सामंजस्य से समस्याओं का समाधान किया जाए, ताकि गिरदावरी का कार्य समय पर पूरा हो सके। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिरमौर, जिला महामंत्री आकाशदीप सिंह, जिला सचिव रिंकू गुप्ता एवं जिला प्रवक्ता मनोहर सेन उपस्थित रहे। ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी भेजी गई।



समाजसेवी शारदा को राजनांदगांव रत्न सम्मान

राजनांदगांव। पदयात्री संयुक्त सेवा पंडाल बागेश्वर धाम आयोजन समिति ने निर्णय लिया कि समाजसेवी व अधिवक्ता शारदा तिवारी को राजनांदगांव रत्न से सम्मानित किया जाएगा। संयोजक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, सौरभ खंडेलवाल, संदेश जैन, सूरज गुप्ता, आयोजन अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, सचिव महेश शर्मा, महिला अध्यक्ष मधु खंडेलवाल व सचिव प्रज्ञा गुप्ता ने बताया कि 19 अक्टूबर को 3 से संध्या 6 बजे तक बागेश्वर धाम उत्सव हॉल में विभिन्न आयोजन होंगे। पं. विनोद बिहारी गोस्वामी द्वारा संस्कार ज्ञान प्रवचन पदयात्री संयुक्त सेवा पंडाल संस्कार सेवा नवरात्र महोत्सव बागेश्वर धाम उत्सव हॉल में दोपहर 3 से पं. विनोद बिहारी गोस्वामी महाराज के मुखारविंद से संस्कार ज्ञान प्रवचन का लाभ भक्तों को लाभ प्राप्त होगा। संयोजक अलका जानी, सुषमा सिंह, साधना तिवारी, अर्चना दास, ऋतुराज, अनीता जैन, माया अग्रवाल, संगीता शुक्ला, सह-संयोजक मौसमी शर्मा व ममता शर्मा ने बताया कि 19 अक्टूबर संध्या 4 बजे पदयात्रियों की सेवाओं के साथ समाजसेवी व अधिवक्ता शारदा तिवारी को इस वर्ष राजनांदगांव रत्न से सम्मानित किया जा रहा है।

घोषित औपचारिक कार्यकारिणी रद्द

राजनांदगांव। विगत दिनों तहसील अधिवक्ता संघ राजनांदगांव की औपचारिक कार्यकारिणी की घोषणा की गई थी, उसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। तहसील अधिवक्ता संघ राजनांदगांव की घोषित औपचारिक कार्यकारिणी रद्द हो गई है। उक्त जानकारी अधिवक्ता पंकज गुप्ता द्वारा दी गई।

गरबा में मनमोहक प्रस्तुतियां

राजनांदगांव। लिटिल मिलेनियम कैलाश नगर राजनांदगांव द्वारा नवरात्रि अवसर पर 16 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में "रॉयल रास" गरबा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में शारदा तिवारी, अर्चना दास, श्रीमती दुआ, डॉ. नेहा गुप्ता एवं निमिषा ठक्कर की उपस्थित रही। आयोजन में बच्चों एवं माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पारंपरिक एवं रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण "छोटा किंग मास्टर उदय ठारवानी एवं छोटी क्वीन बेबी वामिका पंजवानी" रही।



इसके साथ ही कृत्विक खंडेलवाल विजेता घोषित किए गए और बाकी नन्हे प्रतिभागियों ने अपने आकर्षक अंदाज और आत्मविश्वास से सभी का मन मोह लिया। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु विभिन्न गतिविधियों एवं आकर्षक उपहारों की व्यवस्था भी की गई थी। इस आयोजन को सफल बनाने स्कूल के डायरेक्टर तथागत पांडे, श्रद्धा पांडे रेड्डी एवं रितिका पांडे तिवारी के साथ स्टाफ का योगदान रहा। यह आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपरा, आपसी सौहार्द एवं उत्साह का सुंदर उदाहरण बना।

पृष्ठ 09 का शेष

गौहत्या मामले में...

में होने की सूचना मिली। टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे नागपुर से गिरफ्तार किया। वहीं दो महिला आरोपियों को गौरीनगर से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी उपेंद्र शाह, सोमनी प्रभारी एमन साहू, बसंतपुर प्रभारी कौशलेन्द्र देवांगन, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाशचंद्र मरई, उप निरीक्षक सतुलाल कंवर सहित चिखली चौकी पुलिस और साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साइबर सेल से निरीक्षक विनय पम्मार सहित पुलिसकर्मियों ने आरोपियों की पतासाजी में सहयोग किया।

रेलवे का मेगा ब्लॉक, नवंबर से जनवरी तक कई ट्रेनें रद्द

दिसंबर में क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान भी प्रभावित रहेगा परिचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में ट्रैक नवीनीकरण के लिए मेगा ब्लॉक का असर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों पर पड़ेगा। 24 नवंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 के बीच प्रत्येक मंगलवार, और शुक्रवार को सीनी-राजखरसावां सेक्शन की अप और डाउन लाइन पर टीआरटी मशीन सुभाषचंद्र बोस इतवारी, नांदेड़-संतरागाछी, सांतरागाछी-पुणे और पुणे-से ट्रैक नवीनीकरण किया जाएगा।

इसके चलते टाटानगर-नेताजी सांतरागाछी जैसी ट्रेनों को अलग-अलग तारीखों में रद्द किया गया है। इसका सीधा असर छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड और ओडिशा के बीच आने-जाने वाले यात्रियों पर पड़ेगा। खासकर बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, इतवारी, गोंदिया, नागपुर, टाटानगर, पुणे और संतरागाछी की ओर जाने वाले यात्रियों को अपनी यात्रा की तारीख पहले जांचनी होगी। रेलवे ने कुछ ट्रेनों को रद्द करने के साथ दो ट्रेनों के मार्ग में भी बदलाव किया है।

जनवरी में भी जारी रहेगा असर

मेगा ब्लॉक का असर जनवरी 2027 में भी जारी रहेगा। 1, 2, 4, 5, 6, 8, 9, 11, 12, 13, 14 और 15 जनवरी को विभिन्न ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। नए साल की छुट्टियों के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों को भी अपनी ट्रेन की स्थिति पहले जांचनी होगी।



दो ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

18478 योग नगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस निर्धारित तारीखों में ईब-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर सिटी-कटक होकर पुरी जाएगी। 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस कांद्रा-सीनी परिवर्तित मार्ग से चलेगी व टाटानगर-गम्हरिया को छोड़कर दुर्ग पहुंचेगी।

यात्रियों के लिए परेशानी

ट्रेन रद्द होने का सबसे बड़ा असर उन यात्रियों पर पड़ेगा, जिन्होंने पहले से टिकट बुक कर रखे हैं। उन्हें यात्रा की तारीख बदलनी पड़ सकती है या दूसरी ट्रेन से सफर की योजना बनानी होगी। लंबी दूरी के यात्रियों के लिए अचानक वैकल्पिक ट्रेन मिलना भी आसान नहीं होगा। छुट्टियों के समय ट्रेनों में पहले से भीड़ रहने की स्थिति में दूसरी ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है।

नवंबर में इन यात्रियों को होगी परेशानी

नवंबर में सबसे अधिक असर टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस के यात्रियों पर पड़ेगा। 24 और 27 नवंबर को 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके अलावा 23, 25, 28 और 30 नवंबर को अलग-अलग रूट की नांदेड़-संतरागाछी, संतरागाछी-नांदेड़, संतरागाछी-पुणे हमसफर और पुणे-संतरागाछी हमसफर प्रभावित रहेंगी। इस अवधि में महाराष्ट्र से झारखंड और पश्चिम बंगाल की ओर जाने वाले यात्रियों को वैकल्पिक ट्रेन या अन्य साधनों की व्यवस्था करनी पड़ सकती है।

दिसंबर में क्रिसमस छुट्टियों पर असर

दिसंबर में ट्रेनों के रद्द होने का असर क्रिसमस और साल के अंत की छुट्टियों में यात्रा करने वालों पर पड़ सकता है। 1, 4, 5, 7, 8, 9, 11, 12, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22, 23, 25, 26, 28, 29 और 30 दिसंबर अलग-अलग ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। ऐसे में परिवार के साथ छुट्टियां मनाने, घूमने या अपने गृहनगर जाने वाले यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति देखनी होगी। खासकर 25 दिसंबर टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस के रद्द रहने से छत्तीसगढ़ और झारखंड के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी हो सकती है।

महिला मंडल ने की कन्या पूजा

■ 51 कन्याओं को कराया भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्याम सेवा महिला मंडल ने क्वांर नवरात्रि पर्व की पंचमी तिथि पर कन्याओं की पूजा की। 51 कन्याओं को देवी स्वरूप पूजकर उन्हें भोजन कराया गया। श्याम सेवा महिला मंडली ने नवरात्रि पर्व पर कन्याओं को मां की तरह सजाकर उनकी पूजा की। 51 कन्याओं को तिलक कर उनके पैरों में माहुर लगाने के बाद उन्हें रूचिकर भोजन परोसे गए। मीडिया प्रभारी ममता अवस्थी ने बताया कि पंचमी तिथि पर स्थानीय शीतला मंदिर में कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया गया। उक्त अवसर पर मंडल की अध्यक्ष सुषमा सिंह, उपाध्यक्ष सरल लोहिया, नम्रता अग्रवाल, मीना जिंदल, रोहिणी, प्रीति दीक्षित, ममता सोनी एवं रिंकू मिश्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

तीरंदाजी में छत्तीसगढ़ की टीम में अर्पिता और रुस्तम चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

26 सीनियर स्टेट तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 17 अक्टूबर को डॉ. सीवी रमन विश्व विद्यालय बिलासपुर कोटा में आयोजित किया गया। जिसमें 20 जिले के 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें राजनांदगांव के मात्र दो खिलाड़ी रुस्तम साहू और अर्पिता वर्मा ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ के सीनियर टीम में जगह बनाई है। उक्त दोनों खिलाडी शिलांग मेघालय मे होने वाले सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। उक्त दोनों खिलाड़ी डॉ. रमन सिंह के गोद ग्राम लिटिया में सुबह-शाम तीरंदाजी का अभ्यास डिप्लोमा ए ग्रेड कोच हीरू साहू के मार्गदर्शन में ग्रामीण और शहर के बच्चों को अभ्यास करा रहे।



इस उपलब्धि पर स्व. अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन, मनोज चौधरी, डेविड वर्मा, बृजेंद्र भूषण खरे, डॉ. संतोष साहू एवं कोच हीरू साहू ने बधाई दी। समापन समारोह मे बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रदीप घोष, डीन डॉ. जयशंकर यादव एवं भारतीय तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका उपस्थित थे।

सोमनी में भव्य होगा दशहरा उत्सव जमीनी आतिशबाजी करेगी रोमांचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम सोमनी के हाईस्कूल मैदान में मंगलवार को विजयादशमी पर्व पर भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन होगा। उत्सव में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव करेंगे। विशेष अतिथि अभिषेक सिंह, रमेश पटेल और राजेश श्यामकर उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारी और सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

इस वर्ष दशहरा उत्सव में ओडिशा के काकेनाडा के कलाकारों द्वारा आकर्षक जमीनी आतिशबाजी की प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें नाग की फनकार वाली आतिशबाजी विशेष आकर्षण की केंद्र रहेगी। रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच 31 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके बाद आकाशीय आतिशबाजी का नजारा भी दर्शकों को रोमांचित करेगा।

समिति के अध्यक्ष आलोक तिवारी और अंगेश्वर देशमुख ने बताया कि इस बार क्षेत्रवासियों को दशहरा उत्सव में कई नए आकर्षण देखने को मिलेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 7 बजे बीरेझरभाटा के कलाकारों की रामलीला प्रस्तुति से होगी। रामलीला में हाइड्रा वाहन के माध्यम से सीता हरण और संजीवनी प्रसंग का विशेष मंचन किया जाएगा। रावण दहन के बाद रात 11 बजे से राग अनुराग लोक कला मंच दुर्ग के कलाकार छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

नाग की फनकार करेगी रोमांचित

सोमनी दशहरा उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कमल वैष्णव और सचिव प्रकाश वर्मा ने बताया कि इस बार जमीनी आतिशबाजी में विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियां देखने को मिलेगी। इनमें नाग की फनकार वाली आतिशबाजी दर्शकों के लिए खास आकर्षण रहेगी। आयोजन को भव्य बनाने समिति के संरक्षक चंद्रकांत ठाकुर, मार्गदर्शक जितेंद्र देशमुख, सांस्कृतिक प्रभारी कैलाश विश्वकर्मा, दिनेश देशलहरे सहित भीखम मारकंडे, शिवा साहू, जितेंद्र पांडे, पंकज तिवारी, विवेक साहू, महेंद्र कश्यप, प्रांजल देशमुख, अद्वितीय तिवारी, भाविक वैष्णव, पर्निल वैष्णव, पोर्वित वैष्णव और अन्य सदस्य तैयारियों में जुटे हैं।

दुर्गा विसर्जन : निगम ने की व्यवस्था

■ मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की सफाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा दुर्गा विसर्जन अवसर पर मूलभुत सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिए नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है तथा मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की सफाई कराई जा रही है। नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने समितियों से अपील की है कि दुर्गा, काली एवं सरस्वती की प्रतिमा मोहारा स्थित विसर्जन कुंड में ही करें।

नगर निगम आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि दुर्गा विसर्जन पर्व पर मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। जिसके लिए कार्यपालन अभियंता (संविदा) यूके रामटेके को नोडल अधिकारी तथा प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे सहित दोनों कार्यपालन अभियंताओ को अपने-अपने प्रभारित वार्ड में दुर्गा विसर्जन रूट में पेंचवर्क, डस्ट, फिलिंग आदि कार्य कराने का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार सभी सहायक अभियंताओ एवं सभी उप अभियंताओं को अलग-अलग प्रभार सौंपा गया है। शहर के सभी प्रतिमाओं की विसर्जन के लिए मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की सफाई कराने आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के अनुक्रम में विसर्जन कुड की सफाई की जा रही है।

इसी तरह उप अभियंता तिलक राज ध्रुव को नंदई चौक में शहर से आने वाली विसर्जन मूर्तियों को वाहनों से ले जाने का प्रभार सौंपा गया है।

व्यवस्था अंतर्गत शहर के सभी स्थानों में प्रकाश व्यवस्था तथा दुर्गा स्थापित मार्ग व मोहारा रोड एवं मुख्य मार्गो में विद्युत व्यवस्था का दायित्व प्र. कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम को सौंपा गया है। प्र.सहायक अभियंता सुषमा साहू इसके सहयोगी के रूप में कार्य करेंगे एवं कंट्रोल रूम प्रभारी व टैंकरों से पेयजल व्यवस्था का प्रभारी मोटर प्रतिपालन सुरेन्द्र साव को बनाया गया है। इसके अलावा सहा.राजस्व निरीक्षक रमेश बघेल को दुर्गा उत्सव के दौरान शहर के भीतरी भाग में अवारा पशुओं को पकड़ने तथा विसर्जन के दौरान विशेष रूप से यातायात सुविधा की दृष्टि से आवारा पशुओं को पकड़ने का कार्य सौंपा गया है। साथ ही प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित उनकी टीम को शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रो में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था एवं विसर्जन कुण्ड के आसपास सफाई कार्य आदि का दायित्व सौंपा गया है। उपरोक्त सभी अधिकारी-कर्मचारी सौंपे गए कार्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करेंगे।

प्रकाश सहित अन्य व्यवस्था की जा रही

आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि 19 व 20 अक्टूबर को दुर्गा विसर्जन के लिए मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुण्ड में विसर्जन कराए जाने प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। विसर्जन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा सामग्री, फूल, कपडे, प्लास्टिक पेपर आदि सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में भेजने के अलावा रानीसागर, सर्किट हाऊस के पास व नंदई चौक में मूर्ति लाने ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जा रही है। इन सबके लिए उप अभियंताओं को सहयोगी बनाया गया है। साथ ही विसर्जन संबंधित समस्त कार्यों के अलावा रानीसागर व सर्किट हाउस के पास दुर्गा विसर्जन हेतु वाहन की व्यवस्था एवं देखरेख के लिए कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे को प्रभारी अधिकारी तथा प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा को सहायक बनाया गया है।

यादव समाज ने की कड़ी निंदा दोषियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव में गौमाता का कटा हुआ सिर मिलने की घटना पर समस्त यादव समाज राजनांदगांव ने गहरी चिंता व्यक्त करते घटना की कड़ी निंदा की है। इस घटना से गौमाता के प्रति श्रद्धा रखने वाले नागरिकों की भावनाएं आहत हुई है।

समाज ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं शीघ्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

सर्व यादव के महेश यादव, रितेश यादव, भोला यादव, विनोद बंटी यादव, दिलीप यादव, राधे यादव, विजय यादव, मंजू यादव, मीना यादव, शैल यादव, रिभय यादव, मोहित यादव सहित समाज के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

निष्पक्षता व संवेदनशीलता के साथ करें कार्रवाई

इस संबंध में यादव समाज ने पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि घटना की गंभीरता को देखते तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जाए तथा उपलब्ध अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समाज ने मांग की है कि शहर में शांति, सद्भाव एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन आवश्यक कदम उठाए तथा मामले में की गई कार्रवाई के संबंध में समाज को उचित जानकारी प्रदान करें। यादव समाज ने कहा कि इस प्रकार की गंभीर घटनाओं की जांच निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ की जानी चाहिए, ताकि वास्तविक दोषियों की पहचान हो सके और किसी भी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना न करना पड़े। समाज को विश्वास है कि पुलिस प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते निष्पक्ष जांच करेगा और दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार उचित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

गरबा उत्सव में भक्ति और उल्लास का संगम

पारंपरिक गरबा में झूम रहा सिंधी समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गौरवपथ स्थित ऑडिटोरियम में सिंधी पंचायत युवा विंग द्वारा आयोजित सिंधु गरबा उत्सव में प्रतिदिन उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है। पारंपरिक परिधानों में सजे महिला-पुरूष, युवक-युवतियां गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों के जरिये भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता का संदेश दे रहे हैं। संगीत की मधुर धुनों और सामूहिक नृत्य से पूरा आयोजन स्थल उत्सव के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

पूज्य सिंधी पंचायत के प्रवक्ता व पूर्व पार्षद अशोक पंजवानी ने बताया कि सिंधु गरबा उत्सव के प्रति समाज के लोगों में विशेष उत्साह है। धार्मिक आस्था के साथ सिंधी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का भी महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। उत्सव को सफल बनाने में अध्यक्ष कमल गंगवानी के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हुए हैं। इनमें कौशल शर्मा, जीतू गणेशानी, डॉ. हर्ष मोतीरमानी, यश फगवानी, लकी रूपवानी, पंकज जेठानी, राजेश मंगवानी, अमित पंजवानी, राहुल तेजवानी, रमेश आहूजा, राकेश भिमनानी, दीपक तोतवानी, नितेश कुकरेजा, संजय मोटवानी, शक्ति वाधवानी, विजय टोटवानी, संतोष मोटलानी, रॉकी कटियारा, शंकर मंगवानी, सुशील सुखीजा, पंकज रूपवानी, राजेंद्र पंजवानी, संकेत ललवानी, संजय सुखीजा, सतपाल सिंह कंजवानी और मयंक गिडवानी सहित अन्य सदस्य सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।



परंपराओं से जुड़ रही नई पीढ़ी

सिंधु गरबा उत्सव की खासियत यह है कि इसमें समाज के सभी आयु वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक भागीदारी निभा रहे हैं। महिलाएं और युवतियां पारंपरिक परिधानों में गरबा प्रस्तुत कर रही हैं। वहीं युवक भी पूरे जोश के साथ सामूहिक नृत्य में शामिल हो रहे हैं। इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने के साथ सामाजिक मेल-मिलाप और आपसी सद्भाव को बढ़ावा मिल रहा है।



खबर संक्षेप

तीन माह से नहीं मिली वृद्धावस्था पेंशन, दशहरा से पहले भुगतान की मांग

कोलेगांव। प्रदेश में शासन-प्रशासन द्वारा वृद्धजनो को राहत देने



के लिए संचालित पेंशन योजना के तहत वृद्धजनों को पेंशन दिया जाता है लेकिन पंडरिया विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कई गांवों में वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने से बुजुर्गों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो से तीन माह से पेंशन की राशि खाते में जमा नहीं हुई है। ऐसे में दशहरा जैसे प्रमुख त्यौहार को लेकर बुजुर्गों की चिंता बढ़ गई है। जिस पर क्षेत्र के ग्रामीण वृद्धजनों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि त्यौहार से पहले बकाया पेंशन की राशि जारी की जाए, ताकि वे भी अपने परिवार के साथ खुशी से त्यौहार मना सकें। देवेंद्र दुबे ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि उन्हें पिछले तीन माह से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिली है। पेंशन की राशि से ही उनके घर-परिवार का खर्च चलता है, ऐसे में लंबे समय तक राशि नहीं मिलने से रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है, उन्होंने कहा कि जब पेंशन ही आजीविका का प्रमुख सहारा हो तो उसके बिना त्यौहार मनाने की व्यवस्था करना भी कठिन हो जाता है।

मां दुर्गा पंडाल में जस-गायन किया जा रहा



बरबसपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सिंघनपुरी में मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि के पर्व पर दुर्गा मां की भव्य प्रतिमा स्थापना की गई। बताया जाता है कि माता रानी के जगराता, जस-गीत-गायन में भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं भक्तजन व श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मनोकामना व क्षेत्र की सुख-शांति के लिए कामना की।

प्राथमिक शाला देवरी में कराया कन्या भोज

कवर्धा। प्राथमिक शाला देवरी में कन्या भोज का कार्यक्रम रखा गया जिसमें सारी बालिकाओं को कन्या रूप मानकर उनका पूजन दर्शन किया गया एवं बालकों को लागुरंवा देव के रूप में पूजा की गई हेमलता शर्मा ने बताया की पूर्व में इस स्कूल के शिक्षक अजीत यादव द्वारा कन्या भोज विशेष रूप से उन्हीं के द्वारा बच्चों को कराया गया, जिसमें अजीत यादव और उनके धर्म पत्नी लक्ष्मी यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे और कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज कराया गया। प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष स्कूल में बच्चों को कन्या भोज कराया जाता है इस अवसर पर बच्चों द्वारा जस गीत माता के विभिन्न रूपों का वर्णन कर धार्मिक परंपराओं का वीजा रोपण बच्चों के हृदय में भक्ति भावना जागृत करना है इस उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है इस अवसर पर खीर पूड़ी केला मिठाई परोसा गया एवं अंत में सिंगार वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

नशामुक्त भारत का संदेश लेकर कबीरधाम पहुंची राष्ट्रीय बाइक रैली

- सिग्नल चौक पर पुलिस अधिकारियों और युवाओं ने किया बाइक राइडर्स का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर फाइट अगेंस्ट ड्रग्स थीम के तहत ओडिशा से निकली राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली का रविवार शाम 5 बजे कबीरधाम के सिग्नल चौक पर स्वागत किया गया। इस दौरान ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के बाइक राइडर्स का पुष्पमाला पहनाकर और तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। रैली के माध्यम से एक भारत, श्रेष्ठ भारत और नशामुक्त भारत, सशक्त भारत का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, डीएसपी आशीष शुक्ला, डीएसपी प्रशांत देवांगन, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, सिटी कोतवाली प्रभारी लालजी सिन्हा, उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, स्वामी विवेकानंद एकेडमी के युवक-युवतियां और आम नागरिक उपस्थित थें।



नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में दें योगदानः एसपी

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज के भविष्य को प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण और सकारात्मक गतिविधियों में लगानी चाहिए। उन्होंने नागरिकों से नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने तथा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की जानकारी पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माण में सभी की सहभागिता को जरूरी बताया। कबीरधाम पुलिस ने रैली के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और नशामुक्त भारत का संदेश देते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

सौगात: उप-मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों के लिए की लाखों रुपए की घोषणाएं

विजय शर्मा ने वनांचल में लगाई चौपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों से सीधा जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम अंधरीकछार, बोरिया और महली में ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर चौपाल लगाई तथा उनकी मांगों, समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। उप मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों की जांच कर समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

तत्पश्चात ग्राम भलपहरी, अचानकपुर और बोइरकछरा जनसंपर्क में उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि की घोषणा की। जिसमें ग्राम अंधरीकछार में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए, धरसा रोड के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए, मां महामाया मंदिर के लिए 5 लाख, मंच निर्माण के लिए 3 लाख, सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार तथा समतलीकरण कार्य के लिए 1 लाख रूपए की घोषणा की।

इसी प्रकार ग्राम बोरिया में खाद गोदाम निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम बोरिया में 5 लाख 20 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण, महादेव मंदिर में 3 लाख की लागत से मंच निर्माण तथा प्राथमिक शाला भवन के पास 2 लाख 60 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण की घोषणा की गई। ग्राम कापा में 6 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण तथा 2 लाख 60 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण की घोषणा भी की गई।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जन-चौपाल के दौरान ग्राम सिरमी में 6.50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण एवं 5.20 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। वहीं, ग्राम महली में 2.50 लाख की लागत से मंच निर्माण, बूढ़ा देव के पास 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, 5.60 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण एवं 5 लाख की लागत से पुलिया निर्माण की घोषणा की। इसके अलावा महामाया मंदिर के पास 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति में मदद मिलेगी।

हितग्राहियों को समय पर पीएम आवास उपलब्ध कराने के निर्देश



उप मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्राम अंधरीकछार में 163, ग्राम बोरिया में 128 तथा ग्राम अचानकपुर में 136 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। इस प्रकार इन तीनों गांवों में कुल 427 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आवास निर्माण में अनियमितता या लापरवाही संबंधी शिकायत मिलने पर जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रतापपुर-दामापुर सड़क में धूल से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत प्रतापपुर से दामापुर तक निर्माणाधीन सड़क पर गिट्टी और डस्ट की धूल से राहगीरों एवं आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान बरसात के दौरान सड़क पर गिट्टी डालकर काम अधूरा छोड़ दिया गया था। अब बारिश का मौसम निकलने के बाद सड़क पर फैली गिट्टी और डस्ट लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। इस मार्ग से जब भी कोई वाहन गुजरता है, सड़क पर जमा गिट्टी-डस्ट की धूल उड़ने लगती है। इससे पीछे चलने वाले राहगीरों और सड़क किनारे रहने वाले लोगों के नाक, मुंह और आंखों में धूल-कण पहुंच रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों को भी धूल के कारण आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार धूल के संपर्क में आने से एलर्जी और सांस संबंधी परेशानियों का खतरा भी बना रहता है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव सुनिश्चित कराया जाए, ताकि राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास रहने वाले लोगों को धूल से राहत मिल सके। साथ ही सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा कर आवागमन को सुगम बनाया जाए।

ग्राम जैतपुरी में अनूठी पहल, हर घर ने उठाई गौ-माताओं की जिम्मेदारी

- फसलों के नुकसान और सड़क हादसों की आशंका से परेशान ग्रामीणों ने पेश की मिशाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम जैतपुरी में गौ-सेवा और जनभागीदारी की एक प्रेरणादायक मिशाल देखने को मिली, गौ-माताओं के सड़कों पर घूमने और किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले बेसहारा मवेशियों की समस्या से निजात पाने के लिए ग्रामीणों ने स्वयं जिम्मेदारी उठाने का निर्णय लिया।

आपसी बैठक में सहमति बनने के बाद गांव के प्रत्येक घर ने दो-दो गौ-माताओं को आश्रय देने की पहल की। अब ग्रामीण अपने घरों में मवेशियों को बांधकर उनके चारे-पानी, सुरक्षा और देखरेख की व्यवस्था कर रहे हैं।

ग्रामीणों के इस सामूहिक प्रयास से गांव में आवारा मवेशियों की समस्या काफी हद तक दूर हुई है। जहां पहले सड़कों और खेतों में मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता था, वहीं अब ग्रामीणों की पहल से गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिल रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि



मवेशी रात के अंधेरे में खेतों में घुसकर खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाते थे। इससे बचाने के लिए किसानों को ठंड और अंधेरी रातों में भी जागकर खेतों की रखवाली करनी पड़ती थी।

वहीं सड़कों और चौक-चौराहों पर मवेशियों के बैठे रहने से वाहन दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। ग्रामीणों ने इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के उद्देश्य से मिल-जुलकर जिम्मेदारी बांटी। अब मवेशियों को घरों में आश्रय मिलने से किसानों को फसलों की सुरक्षा के लिए रातभर जागने की परेशानी से राहत मिलने लगी है। साथ ही सड़क पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका कम करने में भी मदद मिल रही है।

दो दिवसीय मॉडल, चित्रकला व पाक कला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पोंड़ी में विगत दिनों 15 एवं 16 अक्टूबर को दो दिवसीय मॉडल, चित्रकला एवं पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता, कौशल एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक संचालक एमके गुप्ता उपस्थित थें साथ ही विद्यालय के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य एसके गुप्ता, शाला विकास समिति अध्यक्ष वेद साहू तथा संकुल समन्वयक अर्जुन चंद्रवंशी, एनके चंद्रवंशी, बी पात्रे, रामफल चंद्रवंशी, एसके वर्मा, सहित हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, संकुल अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल थें। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पाक कला के प्रति रुचि विकसित करना था। पाक कला प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता, पौष्टिक आहार, संतुलित भोजन तथा भोजन तैयार करने की विधियों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं, मॉडल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचारों एवं कल्पनाशीलता को विभिन्न मॉडलों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



लडुवा स्कूल में ढोल की थाप, गरबा की धूम से सजा संस्कृति और भक्ति का भव्य मंच



पंडरिया। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल लडुवा में गरबा महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास, सांस्कृतिक उमंग और भक्तिमय वातावरण में किया गया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक गरबा प्रस्तुतियों और भजन-कीर्तन की मधुर गूंज ने पूरे विद्यालय परिसर को उत्सव के रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न समूहों में मनमोहक गरबा नृत्य प्रस्तुत किए। संगीत की धुनों पर थिरकते विद्यार्थियों के लयबद्ध कदमों और शानदार तालमेल ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सामूहिक गरबा प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने एकता, सहयोग और सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिया। उत्सव में संगीत भजन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन की प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। गरबा की उमंग और भजनों की भक्ति के सुंदर संगम ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिला। विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए बेस्ट डांसर एवं बेस्ट कॉस्ट्यूम श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस पहल ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और बेहतर प्रदर्शन करने की भावना को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी अमित कुमार अहलावत ने कहा कि गरबा केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अनुशासन, आत्मविश्वास और सामूहिकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ उनमें आपसी सम्मान, सहयोग और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन अपनाने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

वनांचल के बच्चे भी उड़ा रहे ड्रोन और सीख रहें एआई एवं रोबोटिक्स

साइंस पाठशाला आधुनिक शिक्षा के नए द्वार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

पंडरिया विधानसभा के वनांचल के बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने और उन्हें आधुनिक शिक्षा के अवसरों से जोड़ने की दिशा में विधायक भावना बोहरा की विशेष पहल भावना दीदी की साइंस पाठशाला निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रही है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकदूर में भावना दीदी की साइंस पाठशाला की विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के लगभग 216 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कभी आधुनिक तकनीक को केवल किताबों और मोबाइल की स्क्रीन पर देखने वाले वनांचल के बच्चे आज अपने हाथों से ड्रोन उड़ाना, रोबोट संचालित करना और 3-डी प्रिंटिंग की बारीकियां सीख रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी पर आधारित शिक्षा से जुड़कर ये विद्यार्थी विज्ञान को केवल पढ़ नहीं रहे, बल्कि उसे समझने, प्रयोग करने और नए आविष्कारों की संभावनाओं को पहचानने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

बच्चों के सपनों को तकनीक व आत्मविश्वास से जोड़ने का एक सार्थक

पंडरिया विधानसभा के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में भी आधुनिक शिक्षा की नई संभावनाएं विकसित हो रही हैं। इसका लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें प्रयोग, अनुभव और तकनीकी प्रशिक्षण के जरिए भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। आज ड्रोन उड़ाने और रोबोट संचालित करने का अनुभव प्राप्त कर रहे यही बच्चे कल नए आविष्कारों और तकनीकी समाधानों के माध्यम से अपने क्षेत्र, छत्तीसगढ़ और देश का नाम रौशन कर सकते हैं। भावना दीदी की साइंस पाठशाला केवल एक कार्यशाला नहीं, बल्कि वनांचल के बच्चों के सपनों को तकनीक, अवसर और आत्मविश्वास से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा का संकल्प है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा मिले, हर प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर मिले और पंडरिया का विद्यार्थी भी भविष्य की तकनीकी दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए।



आयोजन: श्रद्धा व आस्था की प्रतीक मानी जाती है महाष्टमी की खप्पर

धर्मनगरी कवर्धा में आज निकाली जाएगी तीन शक्तिपीठों से खप्पर, तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाअष्टमी के मौके पर नगर की सुख, समृद्धि तथा उसे असुर शक्तियों से बचाने के लिए तीन शक्तिपीठों से खप्पर निकाली जायेगी। मंदिर समीतियों ने इस परमपरागत अनुष्ठान की तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

गौरतलब है कि धर्म नगरी और शक्तिपीठों के गढ़ कहे जाने वाले कवर्धा नगर में खप्पर निकालने की परम्परा वर्षो पुरानी है। यहां प्रतिवर्ष क्वांर नवरात्र पर मां दंतेश्वरी, मां चण्डी तथा मां परमेश्वरी मंदिर से नवरात्र की महाअष्टमी के मौके पर मध्यरात्रि में श्रद्धा व आस्था की प्रतीक मानी जाने वाली खप्पर निकाली जाती है। नवरात्र पर्व पर महाअष्टमी की मध्यरात्रि को 19 एवं 20 अक्टूबर की दरमियानी रात इस बार भी इस वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए मां दंतेश्वरी, मां चण्डी तथा मां परमेश्वरी मंदिर से खप्पर निकाली जायेगी। मां दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर प्रांगण में मध्य रात्रि को 12.00 बजे खप्पर निकाली जायेगी। जिसमें खप्परधारी तथा अगवान लाला अगुवाई करेंगे।

इसी प्रकार चण्डी मंदिर से रात्रि 12.15 बजे खप्पर निकाली जायेगी। इसके ठीक 15 मिनट बाद मां परमेश्वरी मंदिर से खप्पर निकाली जायेगी। जिसमें खप्परधारी और अगुवाई की अगुवाई में खप्पर निकाली जाएगी। इस धार्मिक आयोजन को लेकर जहां मंदिर समितियों द्वारा अपनी तैयारियां की जा रही है वहीं प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी तैयारियों में जुट गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा में आयोजित होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में कबीरधाम जिले से सहित आसपास के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में खप्पर के दर्शन करने पहुंचते हैं।



फाईल फोटो

देवी खप्पर यात्रा की सुरक्षा में सात सेक्टरों में तैनात रहेगा पुलिस बल

नवरात्रि के अवसर पर 19 एवं 20 अक्टूबर की दरम्यानी रात कवर्धा में निकलने वाली पारंपरिक देवी खप्पर यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए कबीरधाम पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। मां दंतेश्वरी, मां परमेश्वरी और मां चंडी मंदिर से निकलने वाली यात्राओं के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था को सात सेक्टरों में बांटकर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। यात्रा मार्ग के साथ शहर के प्रवेश और निकास मार्गों पर भी निगरानी रखी जाएगी। यात्रा के दौरान एकता चौक, जयस्तंभ चौक, गायत्री मंदिर चौक, महामाया मंदिर चौक और राजमहल चौक पर रस्सा पार्टी तैनात रहेगी। वहीं, सिग्नल चौक और महामाया मंदिर चौक पर पेट्रोलिंग पार्टी तथा एकता चौक और राजमहल चौक पर बोल्ड एक्शन पार्टी सक्रिय रहेगी। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सिटी कोतवाली में रिजर्व पुलिस बल तैयार रखा जाएगा।

कवर्धा नगर के चार प्रमुख मार्गों पर होगी पेट्रोलिंग

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर बिलासपुर, राजनांदगांव, रायपुर और भोरमदेव मार्ग पर आउटर एवं हाईवे पेट्रोलिंग की जाएगी। प्रमुख चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से होगी। जिला विशेष शाखा सूचना संकलन करेगी, जबकि पुलिस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था का समन्वय किया जाएगा। वहीं असमाजिक और आपराधिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी।

यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने पर पुलिस का जोर

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रमुख मार्गों पर यातायात पुलिस तैनात रहेगी। जरूरत पड़ने पर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित कर वैकल्पिक मार्गों से यातायात डायवर्ट किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार और अमित कुमार पटेल के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी होगी। पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, अफवाहों से बचने और धार्मिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। आयोजन के दौरान शांति भंग करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शादी का प्रलोभन देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने और शादी की बात करने पर गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोप में महिला थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।

आरोपी को मनेंद्रगढ़ जिले के ग्राम खड़गवां से पकड़कर कवर्धा लाया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने 4 अक्टूबर 2026 को महिला थाना कवर्धा में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वर्ष 2025 में जिले के एक निजी संस्थान में काम करने के दौरान उसकी पहचान ओमकार श्रीवास से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत और परिचय बढ़ा। आरोप है कि युवक ने शादी का प्रलोभन देकर जुलाई 2025 से जून 2026 तक अलग-अलग स्थानों पर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने शादी करने की बात कही तो आरोपी कथित तौर पर टालमटोल करने लगा।

शिकायत के मुताबिक, शादी को लेकर बातचीत के दौरान उसने युवती के साथ गाली-गलौज और मारपीट भी की। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 50/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69, 296 एवं 115(2) तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(v) और 3(2)(va) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस टीम उसकी लगातार तलाश कर रही थी। तलाश के दौरान आरोपी को ग्राम खड़गवां, जिला मनेंद्रगढ़ से गिरफ्तार किया गया।

खबर संक्षेप

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा

कुण्डा। पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डा एवं समाजसेवी, होटल इंटरसिटी बिलासपुर के संचालक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा ने समस्त क्षेत्रवासियों को शारदीय नवरात्रि, विजयदशमी की बधाई दी एवं दीपावली की अग्रिम हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए। अपने शुभकामना संदेश में श्री छाबड़ा ने कहा कि विजयदशमी बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है। यह पर्व हमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य के मार्ग पर चलने की सीख देता है। यहां बताना लाजमी होगा कि श्री छाबड़ा क्षेत्र में होने वाले सभी धार्मिक कार्यों में हमेशा सकारात्मक रूप से सहयोग करते हैं। चाहे माता के जागरण हो, रामलीला मंचन हो, मंदिर निर्माण हो या भंडारा आयोजन, वे तन-मन-धन से बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हैं। इसी भावना से उन्होंने सभी से अपील की है कि त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं।



धूमधाम से मनाया जा रहा है नवरात्रि पर्व

बरबसपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बीजाझोरी में श्रद्धालु भक्तों ने दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित कर दुर्गा उत्सव पर्व को धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिदिन माता रानी दुर्गा की भक्ति भाव से आराधना की जा रही है और महाआरती उतारी जा रही है साथ ही साथ भंडारा प्रसाद का भी वितरण किया जा रहा है। इस पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

मड़मड़ा में आंगनबाड़ी व अटल डिजिटल सेवा केंद्र का लोकार्पण

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया लोकार्पण



■ मड़मड़ा में 47.15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले गौरव पथ का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने शनिवार को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम मड़मड़ा और कबराटोला का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने ग्राम मड़मड़ा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-01 और 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल डिजिटल सेवा केंद्र भवन का लोकार्पण किया।

साथ ही 47.15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले 500 मीटर लंबे गौरव पथ का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने दोनों गांवों में सड़क, सामुदायिक भवन, मंच और नाली निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों की घोषणाएं कीं। ग्राम मड़मड़ा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा की उपस्थिति में स्थानीय महिलाओं ने रिबन काटकर किया।

नए भवन के निर्माण से बच्चों को बेहतर वातावरण में प्रारंभिक शिक्षा, पोषण एवं आंगनबाड़ी की अन्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य मनीराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, जनपद अध्यक्ष रामकिंकर वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

अटल डिजिटल सेवा केंद्र से क्षेत्र के ग्रामीणों को गांव में ही मिलेंगी बैंकिंग सुविधाएं

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम मड़मड़ा में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल डिजिटल सेवा केंद्र भवन का लोकार्पण किया। इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को गांव में ही बैंकिंग एवं डिजिटल सेवाओं की सुविधा मिलेगी। ग्रामीण महतारी वंदन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि निकाल सकेंगे। साथ ही राशि जमा करने जैसी बैंकिंग सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगे। इससे ग्रामीणों को छोटे-छोटे बैंकिंग कार्यों के लिए शहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी और उनके समय तथा आवागमन के खर्च की बचत होगी।

कबराटोला में लाखों के विकास कार्यों की घोषणा

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम कबराटोला में 20.20 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। इनमें पंचायत भवन के पास 6.50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, 2.60-2.60 लाख रुपए की लागत से दो सीसी सड़कों के निर्माण, नवधा रामायण मंच के पास 3.50 लाख रुपए की लागत से मंच निर्माण और शीतला मंदिर की ओर 5 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम कबराटोला में आयोजित दुर्गोत्सव एवं नवधा रामायण कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने देवी दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित नवधा रामायण कार्यक्रम में शामिल होकर रामायण पाठ का श्रवण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ रामधुन के भक्तिमय वातावरण में ग्रामीणों के साथ समय बिताया। रामायण पाठ के पश्चात उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे आत्मीय संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं और मांगें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, नाली, सामुदायिक भवन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मांगें रखीं।

कबीरधाम जिले में अपात्र पाए जाने पर हटाए गए सभी 2234 मतदाताओं की जांच आयोग करे: मो.अकबर

■ फर्जी तौर पर जमा किए गए फार्म 7 की भी जांच हो

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कबीरधाम जिले में मतदाता सूची को लेकर हुए एसआईआर में कुल 2234 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इनमें ऐसे लोग हैं, जिनका दो स्थानों में नाम है, मृत हो गए हैं, या नियमानुसार मतदाता सूची से हटाए जाने योग्य हैं। इन सभी 2234 मतदाताओं की स्वतंत्र जांच चुनाव आयोग कराए, कांग्रेस पार्टी पूरा सहयोग करेगी। यदि नियम-विरुद्ध किसी का नाम मतदाता सूची में है, तो जरूर हटना चाहिए। ऐसे मामलों की भी जांच होनी चाहिए जिसमें बहुत से मतदाताओं के संबंध में फर्जी फार्म 7 भरे गए, जिसके कारण पात्र होने के बावजूद उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

चुनाव आयोग संज्ञान ले और ऐसे मामलों की भी स्वतंत्र जांच कराए। सिफ्टेड और अबसेंट बताकर जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन मामलों की भी जांच कर पात्र पाए जाने पर उनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने चाहिए। वोट चोरी को लेकर पूरे देश में विरोध स्वरूप आंदोलन चल रहा है, अब विदेशों में भी वोट चोर-गद्दी छोड़ के नारे लग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने भी वोट "बचाओं देश बचाओं" अभियान की तैयारी तेज कर दी है। 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक राज्य और जिला मुख्यालयों में पत्रकार वार्ताएं आयोजित की जायेंगी। गांवों में वोट बचाओं चौपाल का भी आयोजन किया जायेगा।

देश में भारत निर्वाचन आयोग है, न कि भारत सरकार निर्वाचन आयोग। इसलिए जब आयोग से सवाल पूछे जाते हैं, तो आयोग को ही सामने आकर जवाब देना चाहिए न कि सरकारी प्रवक्ताओं को। राज्य में 19 लाख 13 हजार मतदाता अबसेंट/सिफ्टेड के कारण मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

2023 विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस में जीत-हार का अंतर 6 लाख 32 हजार मतों का है, जबकि इससे चार गुना अधिक 24 लाख 99 हजार मतदाताओं के नामों को मतदाता सूची से हटा दिया गया है। आयोग से मांग है कि इनमें जो भी पात्र पाए जाते हैं, उनके नामों को फिर से जोड़ा जाए ताकि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हो सकें।

मोतीराम चन्द्रवंशी ने ज्योति को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

पूर्व विधायक पंडरिया मोतीराम चंद्रवंशी ने शनिवार को ग्राम हथमुडी पहुंचकर बालकृष्ण चंद्रवंशी की सुपुत्री ज्योति चंद्रवंशी (कल्पना) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं।

मोतीराम चंद्रवंशी के साथ मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी प्रदेश विस्तारक संतोष चद्रवंशी कुमार कश्यप जिला कार्यकारणी सदस्य मनोज ठाकुर हनुमान वैष्णव मोटू वैष्णव मीडिया प्रभारी सूरज यादव सह प्रभारी कन्हैया चंद्रवंशी तीरथ निषाद महेश निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं परिजन उपस्थित रहे।

नगर में दुर्गोत्सव की धूम...



पाण्डातराई। नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में नवरात्रि पर्व धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नगर में आठ स्थानों पर आकर्षक पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। पंडालों को रंग-बिरंगी लाइटिंग और फूलों से सजाया गया था। पूरे क्षेत्र में माता की भक्ति का माहौल बना रहा। नवरात्रि के प्रारंभ से ही मंदिरों और दुर्गा पंडालों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। पंचमी, सप्तमी और अष्टमी को माता के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। महामाया मंदिर में 789, संतोषी माता मंदिर में 105 तथा ग्राम डोंगरिया कला के महामाया मंदिर में 219 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गईं। इस दौरान माता की प्रतिमाओं को सुंदर वस्त्रों और फूलों से सजाया गया। विभिन्न स्थानों पर कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। नवरात्रि के दौरान नगर सहित आसपास का पूरा क्षेत्र माता की आराधना में लीन नजर आया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

युवाओं ने नशे के दुष्प्रभावों और नशामुक्त समाज के निर्माण पर की चर्चा

नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ युवा संसद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत, कवर्धा द्वारा पीएम श्री सेजेस दुर्गावती चौक में ब्लॉक स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम 'नशामुक्त युवा' रही।

इसमें युवाओं ने संसदीय प्रक्रिया के अनुरूप वाद-विवाद और चर्चा के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, सहायक संचालक एमके गुप्ता और पंडरिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक सिन्हा ने किया। अतिथियों ने युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही नशामुक्त समाज के निर्माण को गति मिल सकती है। पीजी कॉलेज कवर्धा की डॉ. कविता कन्नौजे और समाजसेवी अभिषेक मिश्रा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में युवाओं का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने संसदीय प्रक्रिया, संवाद कौशल, तार्किक अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रोहित रजक और रुद्रचरण यादव भी शामिल हुए। समापन अवसर पर नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पार्षद डोमेश सिन्हा, मुकेश सेन और राष्ट्रपति पदक विजेता रीना शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य श्री गुप्ता और जिला युवा अधिकारी राज पटेल के मार्गदर्शन में हुआ।

विकासखंड स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम



जिला युवा अधिकारी राज पटेल ने बताया कि आने वाले दिनों में कबीरधाम जिले के अन्य विकासखंडों में भी आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझने और सामाजिक मुद्दों पर जिम्मेदारी के साथ भागीदारी करने का अवसर मिलेगा। मेरा युवा भारत, कवर्धा की यह पहल युवाओं में जागरूकता, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

डीएम ने आवासीय कॉलोनी के लिए प्रस्तावित स्थलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती संघ रत्ना भर्तृहरि एवं कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कबीरधाम जिला मुख्यालय में न्यायालयीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनी निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्थलों की स्थिति और निर्माण से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पुराने न्यायालय भवन के समीप न्यायाधीशों की आवासीय कॉलोनी तथा जिला मुख्यालय के निकट ग्राम घोठिया में लगभग 7 एकड़ रिक्त भूमि पर न्यायालयीन कर्मचारियों की आवासीय कॉलोनी निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का जायजा लिया। उन्होंने आवासीय कॉलोनी निर्माण से संबंधित आवश्यक पहलुओं पर अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर एसडीएम चेतन साहू, लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन अभियंता श्रीमती पूर्णिमा चंद्रा, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।